उत्तर प्रदेश शासन
राजस्व अनुभाग-1
संख्या-06/2023/16(1)/एक-1-2023-रा0-1
लखनऊः दिनांकः 15 मार्च, 2023

<u>कार्यालय ज्ञाप (संशोधन)</u>

उ0प्र0 जैव ऊर्जा नीति, 2022 से सम्बन्धित परियोजनाओं की सहज संस्थापना हेतु राजस्व विभाग, उ0प्र0 शासन द्वारा पूर्व में प्रख्यापित व्यवस्था में आंशिक संशोधन करते हुए निम्नवत् परिवर्तन/परिवर्द्धन किया जाता हैः-

1- "उ0प्र0 जैव ऊर्जा नीति-2022 से आच्छादित परियोजना के क्रियान्वयन हेतु उ0प्र0 राजस्व संहिता की धारा-77(1) की भूमियों को छोड़कर धारा-59 की उपधारा-2 के खण्ड-(एक), (तीन) तथा (चार) की भूमि को 1 रूपये प्रति एकड़ सांकेतिक मूल्य दर पर अधिकतम 30 वर्ष के लिए पट्टे पर प्रशासकीय विभाग के रूप में अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग को उपलब्ध करायी जायेगी, जो अपने स्तर से परियोजना के क्रियान्वयन हेतु उ0प्र0 नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण (यूपीनेडा) को उपलब्ध कराया जायेगा।" तदनुसार **शासनादेश संख्या-32/ 744/एक-1-2016-20(5)/2016 दिनांक 03.06.2016 संशोधित किया जाता है।**

2- **राजस्व अनुभाग-1 के शासनादेश संख्या-156/एक-1-2021-रा0-1, दिनांक-28.01.2021 में वर्णित व्यवस्था में आंशिक संशोधन** करते हुए कलेक्टर/मण्डलायुक्त/शासन को जैव ऊर्जा उद्यमों/संयंत्रों की स्थापना तथा फील्ड स्टॉक संग्रहण एवं भंडारण हेतु भूमि के क्रय करने की लैण्ड सीलिंग में छूट की अनुमति के लिए सम्बन्धित निवेशकों/विकासकर्ताओं के आवेदन प्राप्त होने की तिथि से 60 दिन की समय-सीमा निर्धारित की जाती है साथ ही आवेदन देने की तिथि से 60 दिन तक भूमि क्रय करने की अनुमति दिये जाने विषयक आदेश न होने पर भूमि क्रय करने की अनुमति स्वतः (डीम्ड छूट) मान ली जायेगी।

यह आदेश तत्काल प्रभावी होंगे।

सुधीर गर्ग
प्रमुख सचिव।

<u>प्रतिलिपि संख्या एवं दिनांक तदैव।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. अपर मुख्य सचिव, अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग, उ0प्र0 शासन को उनके पत्र संख्या-1532/87-755-अति0ऊ0स्रो0/2022, दिनांक-26.12.2022 के क्रम में।
2. समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।
3. समस्त मण्डलायुक्त/समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
4. आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद, उत्तर प्रदेश लखनऊ।
5. चकबन्दी आयुक्त, उत्तर प्रदेश लखनऊ।
6. स्टाफ ऑफिसर, मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।
7. समस्त विभागाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश।
8. राजस्व विभाग के समस्त अनुभाग।
9. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
मनोज कुमार सिंह
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in